दैनिक
# बिहार पत्रिका
सच के साथ

| मूल्य | 2 |
| --- | --- |
| पेज | 2 |
| वर्ष | 3 |

आत्म निर्भर भारत

पटना। सोमवार, 4 सितंबर 2023 | संपादक- कृष्णा टेकड़ीवाल | मो. +91-9801716267 | पटना से प्रकाशित

BREAKING NEWS

## बेगूसराय में सर्पदंश से 6 साल के बच्चे की मौत

**डेस्क न्यूज़। बिहार पत्रिका**

---

**बेगूसराय** में खेलने के दौरान 6 वर्षीय बच्चे को सांप ने डस लिया जिसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। यहां कुछ देर के बाद ही बच्चे की मौत हो गई । घटना लाखों थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 की है। बताया जाता है कि राजेश महतो का 6 वर्षीय पुत्र आर्यन कुमार शनिवार की रात करीब 7 बजे अपने घर के पास खेल रहा था। तभी उसे सांप ने डस लिया। सांप के डसने के बाद बच्चे ने अपने पिता को चक्कर आने की बात कही। जिसके बाद उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। बच्चे की मौत के बाद पर परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर लापरवाही का भी आरोप लगाया है। परिजनों का कहना है कि इलाज में लापरवाही बरती गई इस वजह से बच्चे की मौत हो गई है। आरोप है कि सांप डसने की आधे घंटे के अंदर अस्पताल लाया गया था, लेकिन सही से इलाज नहीं हो पाने की वजह से बच्चे की मौत हुई है।

## नालंदा में युवक को घेर कर मारी गोली

**डेस्क न्यूज़। बिहार पत्रिका**

---

**नालंदा।** सरमेरा थाना क्षेत्र इलाके के पेंदी गांव में लव स्टोरी के चक्कर में नौजवान को गोली मार दी गई। आरोप लड़की के घरवालों पर ही है। गोली युवक के कंधे में लगी जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाए। यहां से चिकित्सक ने उसे इलाज के लिए विम्स रेफर कर दिया गया । जहां उसका इलाज चल रहा है । जख्मी चंद्रमौली प्रसाद का 18 वर्षीय पुत्र मुकेश कुमार है । परिजन ने बताया युवक गांव के ही एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था । जिसे लेकर दोनों के परिजनों के बीच बहुत विवाद हुआ । दोनों के परिवार में इस बात पर सुलह हुई कि युवती की कहीं और शादी करवा देते हैं । इसके बाद युवती की शादी दूसरे जगह करवा दी गई। लेकिन इसके बाद भी लड़की के घरवाले मुकेश से खार खाए हुए ही थे। आखिर में उसे गोली मरवा दी गई। ये वारदात तब अंजाम दी गई जब रविवार को मुकेश शौच के लिए बाहर जा रहा था। लेकिन पहले से ही घात लगाए बैठे लड़की के घरवालों ने उसे गोली मार दी। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही हैं। मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है ।

## बेतिया में जहरीली शराब का कहर



**डेस्क न्यूज़। बिहार पत्रिका**

---

**बेतिया: दो** लोगों की संदिग्ध हालात में मौत, दो लोग हुए बीमार, मृतकों में से एक अशोक शाह का घरवालों ने कर दिया दाह संस्कार, दूसरे मृतक किशोरी शाह का शव पुलिस ने किया बरामद, शव को भेजा गया पोस्टमॉर्टम के लिए। जहरीली शराब से मौत का शक। घटना मझौलिया थाना क्षेत्र के लाल सरैया की।

# बीजेपी नेता RCP सिंह के रिश्तेदार को बदमाशों ने मारी गोली, जदयू नेता पर हमले का आरोप

**डेस्क न्यूज़। बिहार पत्रिका**

---



बिहार के नालंदा में पूर्व केंद्रीय मंत्री और बीजेपी नेता आरसीपी सिंह के रिश्तेदार पर फायरिंग का मामला सामने आया है। जिसमें पिंटू कुमार नाम का शख्स घायल हो गया है। जख्मी हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां इलाज चल रहा है।पिंटू कुमार पर हुए हमले की जानकारी खुद आरसीपी सिंह ने दी है। और जदयू नेता पर हमले का आरोप लगाया है। साथ ही नीतीश सरकार पर हमला बोला है। मामला धरहरा गांव का है।अस्पताल में भर्ती पीड़ित पिंटू सिंह ने बताया कि घर आए शख्स ने उससे कहा कि सुधर जाओ, वह कह रहे थे कि उसे (आरसीपी सिंह) तो बर्बाद कर देंगे, लेकिन तुम सुधर जाओ। उनके इतना बोलने पर मैं पीछे पलटा ही था कि इतने में उनमें से एक ने बंदूक निकाल ली। मैंने उनसे कहा कि मेरे आरसीपी सिंह से पारिवारिक संबंध हैं, लेकिन मुझे गोली क्यों मार रहे हो। इतने में ही एक शख्स में मुझपर फायरिंग कर दी। आरोपी के साथ करीब 3 लोग और थे। वहीं इस घटना के बाद बिहार बीजेपी अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने भी नीतीश सरकार पर हमला बोला है। और ट्वीट कर कहा कि बिहार में गुंडाराज स्थापित कर चैन की बंसी बजा रही है चाचा भतीजे की सरकार पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री आरसीपी सिंह के रिश्तेदार पिंटू कुमार पर अपराधियों ने अंधाधुंध गोलियां चलाईं। बिहार की जनता खौफ के साए में जी रही है और बिहारवासी गुंडाराज की भेंट चढ़ते जा रहे हैं। नीतीश बाबू के राज में बिहार में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है।इस घटना के बाद आरसीपी सिंह ने बताया कि जिस आरोपी ने गोली चलाई है, वो जेडीयू में नेता है। नीतीश कुमार पर हमला बोलते हुए आरसीपी सिंह ने कहा कि अब उनके पास राजनीतिक रूप से लड़ने की हिम्मत नहीं बची है, इसलिए अब मेरे रिश्तेदारों को गोली मरवा रहे हैं। रिश्तेदारों से कह रहे हैं कि आरसीपी सिंह को बर्बाद कर देंगे.' उन्होंने सवाल किया कि उनका कोई रिश्तेदार उनके पास आ रहा है तो उसे गोली मार दी जा रही है। ये बिहार में किस तरह का गुंडाराज चल रहा है? आरसीपी सिंह बताया कि जिसे गोली मारी गई है। वो मेरा करीबी रिश्तेदार है। धरहरा में मेरा ननिहाल है, छुट्टी होने के कारण वो आज मुझ से मिलकर गया था। जिसके बाद उस पर कातिलाना हमला कर दिया। गोली मारने वाले ने ये भी कहा कि आरसीपी सिंह का साथ छोड़ दो, नहीं तो गोली मार दी जाएगी। इस घटना से बाद से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है। वारदात के बाद पुलिस टीम मामले की जांच में जुट गई है। और आरोपियों की धरपकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

# बिहार में अब फेसबुक पर एसपी से सीधे कर सकेंगे शिकायत

**डेस्क न्यूज़। बिहार पत्रिका**

---

बिहार में अपराधिक घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए पुलिस मुख्यालय ने लोगों को शिकायत करने के लिए सीधे जिले के वरिष्ठ अधिकारियों के दरवाजे खोल दिए हैं। बिहार के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों संबंधित पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को लोगों से सीधे संवाद करने के निर्देश दिए हैं। पीड़ित एसपी को अपनी समस्या बताएगा और निजात के लिए किए जाने वाले कार्यों की जानकारी लेगा और उनके निस्तारण के तरीके के बारे में बातचीत करेगा। पुलिस मुख्यालय के मुताबिक, पहले चरण में यह सुविधा पटना, दरभंगा, भोजपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, कटिहार, गोपालगंज जिलों में जन आधारित, तकनीकी आधारित थीम पर संवाद शुरू किया गया है। बताया जाता है कि इसकी सफलता के बाद अन्य जिलों में इसकी शुरुआत की जाएगी। वर्तमान में जन शिकायतों की सुनवाई को लेकर जिला से लेकर पुलिस मुख्यालय में सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक का समय निर्धारित किया गया है। इसमें दोपहर 12 से 1 बजे तक अब तकनीकी माध्यम से जन शिकायत सुनी जायेगी। फिलहाल यह सुविधा वीडियो कांफ्रेस और फेसबुक लाइव पर उपलब्ध है। इसके साथ जिन लोगों को फेसबुक का अनुभव नहीं है, वो वीसी के जरिए शिकायत दर्ज करेंगे इसके लिए उन्हें जिले में थाना एसडीपीओ कार्यालय जाकर पहले रजिस्ट्रेशन कराएंगे। फिर उन्हें स्लॉट दिया जाएगा। जिस दिन का स्लॉट दिया जाएगा, उस दिन थाने आना होगा। उसके बाद वीडियो कांफ्रेस के माध्यम से अपनी समस्याओं की जानकारी दे सकेंगे।

# इंडिया गठबंधन हिंदू विरोधी, सावन में राहुल-लालू ने खाया नॉनवेज: सुशील मोदी

**डेस्क न्यूज़। बिहार पत्रिका**

---



बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम व सांसद सुशील कुमार मोदी ने आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडिया का जन्म सनातन धर्म और भारत को लांछित करने के लिए हुआ है। यही हमारे समय की ईस्ट इंडिया कंपनी है, जिसमें हिंदुओं को अपमानित करने और आपस में बांट कर सत्ता हथियाने की होड़ लगी है।द्रमुक नेता उदयगिरि स्टालिन का बयान और राहुल गांधी व लालू प्रसाद यादव का सावन में मांसाहार संयोग नहीं, राजनीतिक प्रयोग है। मोदी ने कहा कि गठबंधन में संयोजक-पद के दावेदार नीतीश कुमार बतायें कि वे उदयगिरि के बयान से सहमत हैं या नहीं। रविवार को बयान जारी कर सुशील मोदी ने कहा कि खुद को जनेऊधारी ब्राह्मण बताने वाले राहुल गांधी, थावे मंदिर में दर्शन का दिखावा करने वाले लालू प्रसाद और छठ व्रत करने वाली राबड़ी देवी ने 4 अगस्त को सावन के पवित्र माह में मांस (मटन) पकाया, जम कर मांसाहार किया और हिंदू भावनाओं को आहत करने के लिए इसे सोशल मीडिया पर भी डाला। उन्होंने कहा कि लालू-राबड़ी सावन में मांसाहार करते हैं, उनकी पार्टी के कोटे वाले शिक्षा मंत्री श्रीरामचरित मानस की निंदा करते हैं और शिक्षा विभाग रक्षाबंधन, जन्माष्टमी जैसे हिंदू त्योहारों पर स्कूलों की छुट्टी रद्द करता है। मोदी ने कहा कि क्या राहुल गांधी और लालू प्रसाद में हिम्मत है कि वे किसी दूसरे धर्म के पवित्र महीने में जन-भावना को ठेस पहुंचाने वाला कोई काम करके उसका वीडियो वायरल कर सकें?

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन के पुत्र उदयगिरि ने सनातन धर्म को समाप्त करने की बात हिंदू-अपमान और मुस्लिम तुष्टीकरण की पोलिटिकल लाइन पर कही है। मोदी ने कहा कि ढाई दर्जन विपक्षी दलों का गठबंधन यदि करोड़ों हिंदुओं की सहिष्णुता की परीक्षा ले रहा है, तो उसे इसका परिणाम 2024 में अवश्य झेलना पड़ेगा।

# गैंगरेप के बाद छात्रा की हत्या; रक्षाबंधन पर आई थी गांव



**डेस्क न्यूज़। बिहार पत्रिका**

---

**मुजफ्फरपुर** जिले के देवरिया थाना क्षेत्र के एक गांव में अपने नये घर में सो रही छात्रा की हत्या में शनिवार को एफआईआर दर्ज की गई। छात्रा की मां के बयान पर दर्ज एफआईआर में गांव के तीन युवकों को नामजद किया गया है।

छात्रा की मां ने गैंगरेप के बाद हत्या का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष सरोज कुमार ने बताया कि आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम छापेमारी कर रही है। हालांकि अभी तक आरोपित पुलिस गिरफ्त में नहीं आ सके हैं। एफआईआर में छात्रा की मां ने बताया है कि उनकी बेटी मुजफ्फरपुर स्थित डेरा से अपने भाइयो को राखी बांधने के लिए बुधवार को गांव आयी थी। वह गुरुवार की रात गांव स्थित नये घर के एक कमरे में अकेली सोयी थी। मैं अपनी बड़ी बेटी के साथ नये घर से 20 कदम की दूरी पर स्थित पुराने घर में सो गयी। इसी दौरान गांव के तीन युवक चहारदीवारी फांदकर सीढ़ी के रास्ते नये घर के उस कमरे में घुस गए, जिसमें बेटी सो रही थी। घर का अन्य कमरा खाली था। छात्रा की मां ने आरोप लगाया कि युवकों ने गैंगरेप के बाद बेटी की हत्या कर दी है। थानाध्यक्ष ने कहा कि आरोपित जल्द पुलिस की गिरफ्त में होंगे। जानकारी हो कि शुक्रवार की सुबह पुलिस ने वारदात वाले कमरे से शव के पास से खून से सना शर्ट, दुपट्टा, गमछा के अलावा छात्रा का मोबाइल जब्त किया था। पोस्टमार्टम से छात्रा का शव आने के बाद शुक्रवार देर रात दाह संस्कार कर दिया गया।

# शरिया लागू कर इस्लामिक स्टेट बनाना चाहती है नीतीश सरकार : गिरिराज

**डेस्क न्यूज़। बिहार पत्रिका**

---




केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने शनिवार को आरोप लगाया कि पूरे बिहार के स्कूलों में 'हिंदू त्योहारों' की छुट्टियों में कटौती कर राज्य की नीतीश कुमार सरकार शरिया लागू कर इस्लामिक स्टेट स्थापित करना चाहती है। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के बेगूसराय से सांसद ने यह टिप्पणी अपने लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में विरोध प्रदर्शन के दौरान की। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का पुतला जलाया।सिंह ने कहा, "यह बच्चों को सनातन संस्कृति से अलग करने की कोशिश है ताकि वे हरितालिका' तीज, जन्माष्टमी और नवरात्रि जैसे त्योहारों के प्रति अनजान बने रहे।" उन्होंने कहा, "मैं बिहार सरकार को चुनौती देता हूं कि वह मुस्लिम त्योहारों पर होने वाली छुट्टियों में कटौती करके दिखाए। वह हिंदुओं की भावनाओं से खेलने का हौसला करती है क्योंकि यह समुदाय जातियों में बंटा है।'

# सड़क हादसे की शिकार हुई 5 वर्षीय बच्ची बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया



**बिहार पत्रिका: मों साजिद**

---

**गोगरी:** अनुमंडल के अंतर्गत आज दिन रविवार को परबत्ता प्रखंड देवरी गाँव वार्ड नंबर-3 निवासी एक बच्ची सड़क हादसे में हुए घायल रिपोर्ट के अनुसार बताया जा रहा है। कि तेज रफ्तार से आ रही मोटरसाईकिल ने पांच वर्षीय बच्ची को ठोंकर मार कर किया जख्मी बच्चों की पहचान प्रेमनाथ की पुत्री रुही कुमार के रूप में हुई है। बच्चे का उम्र 5 वर्ष बताया जा रहा है। बेहतर उपचार के लिए गोगरी से सदर अस्पताल खगड़िया किया गया रेफर किस वाहन ने ठोकर मारा गया है। इसकी अभी तक सूचना नहीं दिया गया है। लेकिन घटना - घटित होने के बाद माता-पिता का रो- रो के बुरा हाल है।फिलहाल बच्ची काफी घायल है। जिसे इलाज सदर अस्पताल खगड़िया में भेजा गया है।

# सीबीएसइ विद्यालयों में बनेगा साइबर क्लब, छात्र करेंगे खोज

**बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा**

---

**भागलपुर। बांका।** बिहार। साइबर अपराध को रोकने के लिए एक सीबीएसइ से मान्यता प्राप्त विद्यालयों में साइबर क्लबों का गठन होगा। क्लब गठित होने का निर्देश सीबीएसइ मुख्यालय ने सभी विद्यालयों को दिया है। साइबर क्लब स्थापित कर शिक्षक व छात्रों को साइबर सुरक्षा और उभरती प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में खोज करने, सीखने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए एक मंच प्रदान किया जायेगा। इससे वे भविष्य की सफलता के लिए आवश्यक कौशल से लैस हो सकेंगे। विद्यालयों में एक साइबर क्लब बनाकर साइबर स्वच्छता को बढ़ावा दिया जायेगा। क्लब में एक शिक्षक को साइबर नोडल अधिकारी के रूप में नामित किया जायेगा। नामित शिक्षक के माध्यम से विद्यालयों को सीबीएसइ द्वारा सलाह और साइबर सुरक्षा युक्तियां नियमित रूप से भेजी जायेंगी।




### इसलिए दिया गया है निर्णय:-

---

ऑनलाइन सेवाओं को तेजी से और व्यापक रूप से अपनाने के कारण साइबर सुरक्षा अनिवार्य घटक बन गया है। डेटा उल्लंघनों और साइबर हमलों की घटना बढ़ गयी है। युवा पीढ़ी तेजी से साइबर अपराध की चपेट में आ रही है।

### साइबर क्लब की कौन- कौन सी गतिविधियां होंगी:-

---

01- साइबर सुरक्षा में संभावित करियर के बारे में छात्रों को जानकारी देने के लिए व्याख्यान होगा। संबंधित वक्ताओं को आमंत्रित किया जायेगा।
02- विद्यालयों में पहले से उपलब्ध कंप्यूटर लैब में ओपन- सोर्स टूल पर विशेषज्ञों द्वारा व्यवहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।
03- कार्यस्थल या कक्षा में साइबर सुरक्षा से संबंधित समाचार लेख या तस्वीरें प्रदर्शित किया जायेगा।
04- साइबर धोखाधड़ी और साइबर जागरुकता जैसे विषयों पर छात्रों द्वारा नाटकों का आयोजन किया जायेगा।
05- छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए साइबर क्विज, प्रतियोगिताओं और हैकथानर का आयोजन किया जायेगा।
06- प्रश्नोत्तरी के विजेता विद्यार्थियों को विद्वान बैज से सम्मानित किया जायेगा।

# दो पक्ष में जमकर चले रोड़ा बाजी, मामला दर्ज थाने में

**बिहार पत्रिका: नैयर आलम**

---

**बेलदौर**: प्रखंड क्षेत्र के माली पंचायत अंतर्गत अकाहा गांव में दो पक्षों में रोड़ा बाजी हुआ। रोड़ा बाजी में एक पक्ष से एक व्यक्ति घायल हो गया। उक्त घटना मामूली विवाद को लेकर घाटी है। वही दबंगों ने 21 वर्षीय युवक के साथ मारपीट किया। उक्त मामले को लेकर पीड़ित युवक ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। सूचक माली पंचायत के अकाहा गांव निवासी अनिल सिंह के पुत्र पिंटू कुमार ने बताया कि मेरे ही गांव के अमीर सिंह समेत आधे दर्जन व्यक्ति रंगदारी का मांग करते हैं, उक्त व्यक्ति अपना वर्चस्व दिखाने को लेकर उक्त घटना को अंजाम दिया है। ग्रामीण सूत्रों पर भरोसा करें तो अकाहा गांव में इट पत्थर भी दबंग के द्वारा चलाया गया। उक्त बात की सूचना सूचक ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को दिया था। घटना की सूचना मिलते ही युक्त पदाधिकारी ने अपने अधीनस्थ कमी को घटनास्थल पर भेज कर मामले को छानबीन किए। इस संबंध में थाना अध्यक्ष परेंद्र कुमार ने बताया कि उक्त गांव से दोनों पक्षों की ओर से आवेदन आया हुआ है। अपने अधीनस्थ कमी से मामले को छानबीन करवा कर दोषियों के ऊपर कार्यवाही की जाएगी।

# मध्य विद्यालय करेला नाथनगर बना नशेड़ियों का जमावड़ा

## प्रधानाध्यापक की शिकायत पर थानेदार महेश कुमार उदासीन

**बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा**

**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत नाथनगर मधुसुदनपुर थानाक्षेत्र में नशा का असर युवा पीढ़ी के बच्चों पर भी पड़ रहा है, इससे बच्चों का मानसिक संतुलन बिगड़ रहा है। नशीली पदार्थों के सेवन के लिए युवा अक्सर अपराध से नाता जोड़ रहे है। तंबाकू, नशीली दवाइयां के सेवन से स्मैक का सेवन करने लगे है। नशीली दवाओं एवं नशीले मादक पदार्थों की पहुंच बड़े- बड़े महानगरों से होते हुए छोटे शहरों, कस्बों के गलियारों से होते हुए गांवों तक पहुंच चुकी है। वहीं नाथनगर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मध्य विद्यालय करेला में नशेड़ियों के लगने वाले अड्डा से विद्यालय कर्मियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के छात्र- छात्राओं के



साथ- साथ शिक्षक- शिक्षिका भी इससे परेशान है। विद्यालय की सीढ़ियों पर और अन्य जगहों पर माचिस की तिल्लियां, सिल्वर पेपर समेत अन्य कई नशीली पदार्थों के बोतल देख अंदाजा लगाया जा सकता है की अक्सर यहां नशेड़ियों का अड्डा लगता है, जिससे विद्यालय व आसपास का माहौल खराब हो रहा है। विद्यालय के निर्धारित समय पर बंद हो जाने के बाद नशेड़ियों के द्वारा अड्डा लगाया जाता है। विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र- छात्राएं विद्यालय आने से परहेज करते है।

अक्सर विद्यालय के समय में भी असामाजिक तत्वों के लोग विद्यालय का चक्कर लगाते रहते है, जिससे विद्यालय आने वाले छात्र- छात्राएं असहज महसूस कर रहे है। वहीं मध्य विद्यालय करेला के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सुमन बताते है की सामाजिक और प्रशासनिक पहल कर समाज में बदलाव लाया जा सकता है। विद्यालय के मंदिर में इस तरह नशेड़ियों का जमावड़ा लगना अच्छी बात नहीं है। उन्होंने कहा की नशेड़ियों के जमावड़े से पूरा विद्यालय परिसर गंदा कर छोड़ देते है, जिससे काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विद्यालय की खिड़कियां, बिजली की वायरिंग समेत अन्य सामानों को क्षतिग्रस्त और चोरी की घटना घटित हुई है। विद्यालय के पूर्व प्रधानाध्यापक के द्वारा मधुसुदनपुर थाना में लिखित शिकायत भी दर्ज कराई गई थी। मामले पर मधुसुदनपुर थानेदार महेश कुमार ने कहा की इस तरह की गतिविधि की जानकारी आज मिली है, सघन छापेमारी कर विधि- सम्मत कार्रवाई की जायेगी।

# सुल्तानगंज में 04 युवतियों को भगा ले जाने का आरोप

**बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा**

**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत सुल्तानगंज थानाक्षेत्र में 04 अलग- अलग जगह से चार लड़कियों को भगा ले जाने का आरोप पुलिस के समक्ष लगाया गया है। शिवनंदनपुर से एक लड़की को शादी की नीयत से भाग ले जाने का आरोप लगाते हुए परिजन ने नामजद मामला दर्ज




कराया है। परिजन ने आरोप लगाया है कि लड़की दुकान से रुपया लेकर भी गयी है। वहीं आदर्श नगर निवासी एक महिला ने बेटी को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए नामजद मामला दर्ज कराया है। आशंका व्यक्त की गई है कि पुत्री की हत्या कर दी गयी है। मिरहट्टी से एक लड़की घर से निकली जो अब तक घर वापस नहीं पहुंची है। परिजन ने लिखित शिकायत पुलिस से की है। इधर एक मामला भीरखुर्द का है, जहां परिजन ने बेटी को भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए नामजद शिकायत दर्ज कराई है, नामजद आरोपी युवती के ही वार्ड का है। पुलिस मामले की छानबीन में जुड़ गई है।

## महिला के साथ मारपीट एवं अश्लील हरकत का मामला पहुंचा रजौन थाना




**बिहार पत्रिका। प्रीतम कुमार राव**

**रजौन। बांका।** बिहार। जिलांतर्गत रजौन थानाक्षेत्र के भाटकोरामा गांव में गोरी देवी नामक एक महिला के साथ मारपीट करते हुए अश्लील हरकत करने का एक मामला सामने आया है। इस सम्बंध में पीड़िता ने रजौन थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिक दर्ज कराई है। घटना विगत 16 जुलाई की ही बताई जा रही है, लेकिन रजौन पुलिस ने इस घटना के करीब डेढ़ माह बाद शनिवार को रजौन थाना में प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन शुरु कर दी है। दर्ज प्राथमिकी में पीड़िता ने कहा है कि 16 जुलाई को वह अपने घर के खाट पर सोई हुई थी। इस दौरान गांव के ही मल्होरी यादव, बबलू यादव, सुखो देवी, कैलाश यादव, प्रियंका देवी, चांदनी देवी सभी लाठी-डंडा लेकर पहुंचे और मारपीट करते हुए कहा कि आज इसे जान से मार देंगे। इस दौरान मल्होरी यादव व बबलू यादव ने अश्लील हरकत करने की भी कोशिश की। हो-हल्ला होने पर मेरे पति भुवनेश्वर प्रसाद यादव भी घर पर आए, लेकिन पति को आते देख सभी भाग निकले। वहीं पीड़िता ने दर्ज प्राथमिकी में अन्य कई संगीन आरोप लगाए हैं, इधर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

## चोरी गई टोटो बांका से बरामद, टोटो के साथ कथित चोर गिरफ्तार

**बिहार पत्रिका। प्रीतम कुमार राव**

**रजौन। बांका।** जिलांतर्गत रजौन थानाक्षेत्र के राजावर चौक से चोरी गई टोटो वाहन को पुलिस ने बांका थानाक्षेत्र से बरामद कर लिया है। पुलिस ने बड़ी ढाका ग्राम निवासी छोटू यादव को टोटो चलाते हुए गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार बांका थाना पुलिस ने चोरी गई टोटो को कथित चोर छोटू यादव के साथ बरामद किया है। इस मामले की प्राथमिकी रजौन थाना में शनिवार को टोटो चालक खिड्डी ग्राम निवासी प्रभास यादव के बयान पर दर्ज की गई थी, जिसमें उसने कहा था कि वह राजावर चौक पर पिछले 01 सितंबर को टोटो खड़ी कर चाय पीने चला गया था। दर्ज प्राथमिकी में टोटो के चालक ने कहा है कि जब चाय पीकर वह वहां पहुंचा, तब अपने टोटो को वहां नहीं देखा। इसके बाद उसने घटना की जानकारी अपने वाहन मालिक राजावर बस्ती निवासी लख्खी सिंह को दी। इसके बाद वाहन चोरी की प्राथमिकी रजौन थाना में दर्ज कराई गई। इधर पुलिस चोरी गई ऑटो के साथ गिरफ्तार कथित चोर छोटू यादव से पूछताछ कर रही है। चोरी की इस घटना में टोटो चालक प्रभास यादव भी संदेह के घेरे में आ चुका है। पुलिसिया पूछताछ से यह पता चला है कि छोटू यादव की पहचान प्रभास यादव से पहले से थी, बहरहाल पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है।

# 5 सितंबर को ही क्यों मनाया जाता है शिक्षक दिवस



**बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा**

हर एक दिन का अपना कुछ महत्व होता है और हर दिन के पीछे एक इतिहास छुपा होता है। ठीक ऐसे ही पांच सितंबर का दिन भी हर एक छात्रों और शिक्षकों के लिए खासा महत्व रखता है। दरअसल, हर किसी के आगे बढ़ने में, जीवन को सफल बनाने में गुरु का हाथ होता है। शिक्षक अपने छात्रों को सही राह दिखाता है, सही ज्ञान देता है और मार्गदर्शन भी करता है। इसलिए बच्चों के जीवन में शिक्षकों का खास महत्व होता है। ऐसे में हर साल 05 सितंबर के दिन शिक्षक दिवस मनाया जाता है। इस दिन स्कूलों में बच्चे शिक्षकों की भूमिका निभाकर स्कूल का संचालन करते हैं। शिक्षक दिवस को देश के प्रथम उपराष्ट्रपति और दूसरे राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती का प्रतीक है। इस दिन स्कूलों में तरह-तरह के कार्यक्रम



होते हैं। शिक्षक दिवस दुनिया के कई देशों में मनाया जाता है, जिसमें चीन से लेकर, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, अल्बानिया, इंडोनेशिया, ईरान, मलेशिया, ब्राजील और पाकिस्तान तक शामिल हैं।

हालांकि हर देश में इस दिवस को मनाने की तारीख अलग-अलग है। हालांकि, इंटरनेशनल टीचर्स दिवस अक्टूबर को सेलिब्रेट किया जाता है, जिसकी घोषणा साल 1994 को यूनेस्को ने की थी। पांच सितंबर को शिक्षक दिवस मनाने के पीछे एक कहानी है। कहा जाता है कि एक बार सर्वपल्ली राधाकृष्णन से उनके छात्रों ने उनके जन्मदिन का आयोजन करने के लिए पूछा। तब राधाकृष्णन ने उनसे कहा कि आप मेरा जन्मदिन मनाना चाहते हैं यह अच्छी बात है, लेकिन अगर आप इस खास दिन को शिक्षकों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए गए योगदान और समर्पण को सम्मानित करते हुए मनाएं तो मुझे सबसे ज्यादा खुशी होगी। उनकी इसी इच्छा का सम्मान करते हुए हर साल पांच सितंबर को देश भर में शिक्षक दिवस मनाया जाता है। दुनिया के 100 से ज्यादा देशों में अलग- अलग तारीख पर शिक्षक दिवस मनाया जाता है। राधाकृष्णन का निधन चेन्नई में 17 अप्रैल 1975 को हुआ था। जब डॉ. एस राधाकृष्णन भारत के राष्ट्रपति बने तो उनके कुछ छात्र व मित्र उनके पास पहुंचे और उनसे अनुरोध किया कि वे उन्हें अपना जन्मदिन मनाने की अनुमति दें। उन्होंने उत्तर दिया कि मेरे जन्मदिन को अलग से मनाने के बजाय इस 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाए तो यह मेरे लिए गौरवपूर्ण सौभाग्य होगा। तब से उनकी जयंती यानि 5 सितंबर को शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाने लगा। शिक्षक दिवस के अवसर पर देश भर से ऐसे महान शिक्षकों का चुनाव किया जाता है, जिन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान दिया है और उन्हें भारत सरकार द्वारा पुरस्कार के साथ सम्मानित किया जाता है।

## भागलपुर सूजागंज में खुलेगा टीओपी

**बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा**

**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत मुख्य बाजार स्थित सूजागंज में कोतवाली थाने का टीओपी खुलेगा। इस संदर्भ में जिला से लेकर मुख्यालय स्तर पर प्रकिया पूरी होने के बाद भागलपुर के एसएसपी ने पत्र जारी कर दिया है। नगर पुलिस उपाधीक्षक के अनुरोध पर सूजागंज टीओपी को तत्काल प्रभाव से सृजित कर दिया गया है। नगर डीएसपी को निर्देश दिया गया है कि सूजागंज टीओपी संचालित करने के लिए पुलिस अवर निरीक्षक, सहायक अवर निरीक्षक -01 और 02/08 महिला व पुरुष बल स्वीकृत करेंगे। सूजागंज टीओपी प्रभारी के कार्यक्षेत्र अंतर्गत सघन गश्ती, अपराध नियंत्रण, सुरक्षा- व्यवस्था व विधि- व्यवस्था संभालने का काम होगा। वरीय पदाधिकारी के द्वारा सौंपे गये अन्य कार्यों का निष्पादन होगा। सूजागंज टीओपी में थाना दैनिकी मेंटन किया जायेगा, लेकिन टीओपी कार्यक्षेत्र की प्राथमिकी पैतृक थाना कोतवाली में दर्ज की जायेगी।

## भागलपुर मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य हुए सेवानिवृत्त



**बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा**

**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत जवाहर लाल नेहरु चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल मायागंज के प्राचार्य डॉ0 उमाशंकर सिंह की सेवानिवृत्ति पर नौलखा परिसर स्थित सभागार में विदाई समारोह हुआ। समारोह में डॉ0 उमाशंकर सिंह को अस्पताल अधीक्षक डॉक्टर उदय शंकर, मानसिक रोग विभाग के एचओडी डॉ0 एके भगत, सर्जरी के हेड डॉ0 राकेश कुमार, आइएमए के पूर्व राज्य अध्यक्ष डॉ0 डीपी सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉ0 हेमंत सिंहा आदि ने सम्मानित किया। इस दौरान डॉ0 उमाशंकर सिंह की सफलता व प्राचार्य तक के सफर को ऑडियो विजुअल में दिखाया गया। मंच का संचालन डॉ0 सीमा ने किया। इस मौके पर डॉ0 केके सिंहा, डॉ0 कपिल कुमार सिंह, डॉ0 अर्चना झा, डॉ0 अनुपमा, डॉ0 एसपी सिंह, डॉ0 रत्नेश आदि उपस्थित थे।

## सर्वदलीय समिति सन्हौला के अध्यक्ष बने जुनाव एवं प्रधान महासचिव राहुल



**बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा**

**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत जिला परिषद कार्यालय सन्हौला में रविवार को सर्वदलीय समिति सन्हौला के गठन हेतु एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता समिति के कहलगांव विधानसभा संरक्षक प्रवीण कुमार राणा ने की। बैठक में कहलगांव प्रखण्ड के सर्वदलीय समिति के अध्यक्ष पवन कुमार भारती मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। बैठक में सर्वसम्मति से मु. जुनाव आलम को सर्वदलीय समिति सन्हौला का अध्यक्ष व प्रधान महासचिव राहुल कुलकर्णी को चुना गया। समिति का मीडिया प्रभारी श्रीकांत कुमार दास तथा कोषाध्यक्ष रविंद्र यादव को सर्वसम्मति से चुना गया। कमेटी के विस्तार पर भी विचार-विमर्श किया गया। निर्णय लिया गया कि अगले बैठक में समिति का विस्तार किया जायेगा। बैठक में साह अनवर आलम, मु. इदरीश, शेख गुलाम रब्बानी, मुखिया कृष्णानंद सागर, अब्दुल, फिरोज, मु.अमजद, राहुल कुलकर्णी, सुबोध कुमार दास, मु. अंसारी, ब्रह्मदेव यादव, मु. आरिफ, चंद किशोर महतो, धनंजय मंडल, प्रवीण ठाकुर, गौतम कुमार, इलियास, रविंदर यादव, पिंटू कुमार, नियाजउद्दीन, एजाज अहमद, विलास कुमार चौधरी, मु. साजिद हुसैन, मु. आलम, मु. इरशाद आलम, मु. इस्माइल सहित दर्जनों सदस्य उपस्थित हुए।

# सन्हौला में धानुक संवाद चौपाल कार्यकारणी की बैठक संपन्न

**बिहार पत्रिका। अमित कुमार झा**

**भागलपुर। बिहार।** सिल्क सिटी भागलपुर जिलांतर्गत सन्हौला प्रखंड के महेशपुर- घनश्यामचक पंचायत के मुखिया गीता देवी के आवास पर रविवार को धानुक संवाद चौपाल के अस्थाई कार्यकारणी कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से कई विंदुओं पर अहम फैसले लिये। बैठक में पूर्व से चल रहे ग्यारह सदस्य कमिटी का विस्तार कर 51 सदस्य अस्थायी कमिटी बनाया। सदस्यों ने निर्णय लिया कि धानुक जाति में विसंगति को सुधार कराने हेतु आवेदन पर हस्ताक्षर अभियान में और तेजी लाया जाय। चौपाल के सदस्यों ने कहलगांव विधानसभा क्षेत्र में सभी धानुक समुदाय के गांव के लिए प्रखंड और पंचायत प्रभारी बनाने के लिए निर्णय लिया। निर्णय लिया कि बिहार सरकार के अपर सचिव सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र के आलोक में जिला पदाधिकारी से स्थल जांच कराने



के लिए धानुक संवाद चौपाल का एक शिष्टमंडल डीएम से मिलेंगे और स्थल जांच के आधार पर धानुक जाति प्रमाण-पत्र बनाने के लिए अनुरोध करेंगे। समिति ने नियम और शर्तें बनाई जो निम्न है, किसी भी राजनीतिक दलों की निंदा और प्रशंसा पर प्रतिबंध रहेगा, धानुक संवाद चौपाल में कहलगांव विधानसभा से बाहर चला रहे किसी भी संगठन को कहलगांव विधानसभा में हम सभी स्वागत करेगें लेकिन यह निर्णय कमेटी के सदस्यों के द्वारा लिया जाएगा। कमेटी के 51 सदस्यों के द्वारा 11 सदस्य का कार्यकारिणी समिति का चुनाव कराने का निर्णय लिया गया। अस्थाई कमेटी के सदस्यों में 51 सदस्यों की सूची होगी जिसमें प्रत्येक पंचायत और गांव से कम से कम एक सदस्य अवश्य होंगे। स्वजाति के पंचायत और वार्ड स्तर पर अध्यक्ष और पंचायत प्रभारी बनाने का भी निर्णय लिया गया। मौके पर अर्जुन मंडल, जिला परिषद् सदस्य प्रतिनिधि मनोहर मंडल, महेशपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि अजय मंडल, डॉ0 अनिरुद्ध मंडल, राजेन्द्र मंडल, नागेश्वर मंडल, शरद मंडल, चुनचुन मंडल, गंगा मंडल, वार्ड सदस्य कमलेश मंडल, नागेश्वर मंडल, गजेंद्र मंडल, संजय मंडल, नंदकिशोर मंडल, सुनील मण्डल, भवेश मण्डल, कैलाश मंडल, जनार्धन मंडल सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## संपत्ति के लिए दो भाइयों में खूनी झड़प

**डेस्क न्यूज़। बिहार पत्रिका**

**बेगूसराय:** जिले में जमीन के विवाद में दो भाइयों के बीच जमकर मारपीट हुई। इस घटना में एक भाई चाकू लगने से जबकि दूसरा भाई चाकू और गोली लगने से घायल हो गया है। पूरी घटना बछवारा थाना क्षेत्र के रानी दो पंचायत के बेगम सराय गांव वार्ड संख्या एक की है। ये हिंसक झड़प बेगमसराय गांव वार्ड संख्या एक निवासी गंगा प्रसाद के बेटे निर्मल कुमार और संजीव कुमार के बीच हुई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछवाड़ा में भर्ती कराया। डॉक्टर ने दोनों घायल को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल बेगूसराय रेफर पर कर दिया। वहीं घटना की सूचना मिलते ही बछवाड़ा थाना पुलिस घटनास्थल पहुंचकर मामले की छानबीन में जुट गई।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सह संपादक कृष्णा टेकरीवाल के द्वारा कंकड़बाग पटना-3 से प्रकाशित। रजिस्ट्रेशन नंबर: UDYAM-BR-17-0007168, नोट: खबर से संबंधित सारी जिम्मेवारी जिला ब्यूरो एवं प्रखंड संवाददाताओं की होगी, किसी भी बात विवाद के लिए न्याय क्षेत्र पटना होगा।